दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, मंगलवार 24 दिसम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 86

महत्वपूर्ण एवं खास

जैश का सक्रिय कार्यकर्ता सोपोर में गिरफ्तार, गोला-बारूद बरामद

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक सक्रिय कार्यकर्ता को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों और पुलिस ने आतंकवादी संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है। उसके पास से कुछ हथियार एवं गोले-बारूद भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आतंकवादी से उत्तर कश्मीर में हुए आतंकवादी घटनाओं में उसकी भूमिका के बारे में पूछताछ की जा रही है।

समुद्री डाकुओं की कैद से छुड़वाए गए 18 भारतीय

नई दिल्ली (आरएनएस)। नाइजीरिया के समुद्री तट के पास एक वाणिज्यिक पोत से समुद्री डाकुओं द्वारा तीन दिसंबर को अपहृत किए गए 18 भारतीयों को छुड़ा लिया गया है। नाइजीरिया में भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी। समुद्री डाकुओं के समूह ने बोन्नी द्वीप के पास हांगकांग के झंडे वाले पोत से भारतीय नागरिकों का अपहरण कर लिया था। नाइजीरिया में भारतीय मिशन ने ट्वीट किया, ''नाइजीरियाई नौसेना और पोत परिवहन कंपनी ने तीन दिसंबर को एमटी नेव कॉन्स्टोलेशन से बंधक बनाए गए 18 भारतीय नागरिकों को छुड़ाए जाने की पुष्टि की है। उन्हें सुरक्षित छुड़ाने में योगदान देने वालों का शुक्रिया।'' मिशन ने भारतीयों के अपहरण का मामला नाइजीरियाई सरकार के सामने उठाया था। क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने वाली वैश्विक एजेंसी 'एआरएक्स मैरीटाइम' के अनुसार पोत पर समुद्री डाकुओं ने तीन दिसंबर को कब्जा कर लिया था और 18 भारतीयों समेत 19 लोगों का अपहरण कर लिया था।

ज्वालामुखी से मृतकों की संख्या 19 तक पहुंची

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के व्हाइट आईलैंड पर इसी महीने हुए ज्वालामुखी विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि दो लोगों के शव बरामद नहीं हुए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उन्हें रविवार रात ऑकलैंड अस्पताल में एक और व्यक्ति की मौत की खबर मिली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, न्यूजीलैंड में चार अस्पतालों में कुल 14 लोगों का इलाज चल रहा है, जिनमें 10 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। ज्वालामुखी द्वीप व्हाइट आईलैंड एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है।

किराड़ी में कपड़ा गोदाम में लगी भीषण आग, नौ लोगों की मौत

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिले के किराड़ी क्षेत्र में एक कपड़ा गोदाम में आग लगने से एक ही परिवार के नौ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। अग्निशमन सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह आग बीती रात करीब 12:30 बजे लगी। उस समय लोग गोदाम में सो रहे थे। इस हादसे में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है और गंभीर रूप से झुलसे हुए तीन लोगों को नजदीक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के किराड़ी इलाके में तीन मंजिला इमारत में आग लग गई। आग मकान के ग्राउंड फ्लोर पर बने कपड़े के गोदाम में लगी थी। जो बढ़ते-बढ़ते तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। दमकल की सात गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिस वक्त यह आग लगी घर में बच्चों और महिलाओं समेत करीब 12 लोग मौजूद थे। जिन्हें तुरंत घर से निकालकर नजदीक के अस्पतालों में पहुंचाया गया।

पाक एवं सभी पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहता है भारत :नायडू

नईदिल्ली (आरएनएस)। उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने सोमवार को कहा कि भारत अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहता है, जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है। उपराष्ट्रपति जम्मू-कश्मीर से दिल्ली और आगरा घूमने आई छात्राओं के एक समूह के साथ आज नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति निवास में बातचीत कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने इस भ्रमण को सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय सेना की सराहना की।

उपराष्ट्रपति ने कश्मीर के नैसर्गिक सौन्दर्य की सराहना करते हुए इस क्षेत्र के मिलनसार लोगों, उत्कृष्ट आध्यात्मिक परम्पराओं, स्वादिष्ट व्यंजनों और जीवंत संस्कृति की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि हमारे महान देश की विविधता से अवगत होने और इस विविधता में अंतर्निहित सांस्कृतिक

जम्मू-कश्मीर से दिल्ली और आगरा घूमने आई छात्राओं से उपराष्ट्रपति ने की मुलाकात

एवं भावनात्मक एकता के ताने-बाने की सराहना करने के लिए विद्यार्थियों को पूरे देश का व्यापक भ्रमण करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रमण करने से विद्यार्थियों को देश के समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों को समझने और इन समस्याओं के समाधानों की परिकल्पना करने में भी मदद मिलेगी।

नायडू ने कश्मीर की सांस्कृतिक समृद्धता और विविधता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानवतावाद और सहिष्णुता के मूल्यों पर आधारित संयोजित संस्कृति को ही सामूहिक रूप से 'कश्मीरियत' के रूप में जाना जाता है।

सीमा पार आतंकवाद के निरंतर जारी रहने के कारण कश्मीर में विकास पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाया जाना समय की मांग थी और इसकी बदौलत यह प्रदेश विकास के पथ पर बड़ी तेजी से अग्रसर होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा, 'इस प्रदेश की संरचना में किए गए हालिया बदलावों का उद्देश्य यहां के लोगों को वे सभी लाभ प्रदान करना है, जो अन्य भारतीयों को निरंतर प्राप्त होते रहे हैं।'

आतंकवाद को मानवता का दुश्मन करार देने के साथ-साथ इसे प्रगति की राह में एक निरंतर अवरोध बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब तनाव का माहौल होता है, तो विकास पर कुछ भी ध्यान नहीं दिया जा सकता है।

सभी मोर्चों पर भारत के बड़ी तेजी से अग्रसर होने का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थियों को नई-नई चीजें सीखने के लिए उभरते अवसरों का पूर्ण उपयोग करना चाहिए और इसके साथ ही अपने प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्र के विकास में भी बहुमूल्य योगदान करना चाहिए।

जाति, वर्ग एवं महिला-पुरुष के आधार पर भेदभाव किये जाने की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति ने सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने हेतु अथक प्रयास किये जाने का आह्वान किया।

कश्मीर की साक्षरता संबंधी उत्कृष्टता की लंबी परम्परा पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत की विभिन्न भाषाओं को अवश्य ही संरक्षित एवं प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में पारंगत होने की सलाह देते हुए उपराष्ट्रपति ने मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा देने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

नायडू ने विद्यार्थियों से स्वच्छ भारत, फिट इंडिया व पोषण अभियान जैसे सामाजिक आंदोलनों, एकल उपयोग वाले प्लास्टिक से छुटकारा पाने, कौशल भारत तथा स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों में पूरी सक्रियता के साथ भाग लेने के साथ-साथ इन्हें जन आंदोलनों का स्वरूप प्रदान करने के लिए अथक प्रयास करने का भी आह्वान किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को भारत, इसके इतिहास, भूगोल एवं संस्कृति के बारे में गहन जानकारियां प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से नागरिकों के रूप में अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने को कहा। उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा, 'आपको जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने और वैज्ञानिक सोच विकसित करने के साथ-साथ उन शाश्वत मूल्यों का पालन करने के लिए भी निश्चित तौर पर अपनी ओर से अथक प्रयास करने चाहिए, जिनके लिए भारत जाना जाता है।'

वाहन सुरक्षा बढ़ाने 'एआईएस-155' का पालन अनिवार्य

» सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एमवी नियमों में किया संशोधन

नईदिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने केन्द्रीय मोटर वाहन (14वां संशोधन) नियम, 1989 के नियम 92 में संशोधन के जरिये माइक्रोडॉट आइडेन्टिफायर के संबंध में ऑटोमोटिव उद्योग मानकों (एआईएस)-155 के बारे में जीएसआर935(ई) दिनांक 18.12.2019 को अधिसूचित कर दिया है, यदि उन्हें मोटर वाहनों एवं उनके कलपुर्जों, एसेम्बलीज और सब-एसेम्बलीज में लगाया जाता है। माइक्रोडॉट दरअसल वाहनों की सुरक्षा बढ़ाने में मददगार साबित होंगे।

एक नई अधिसूचना के अनुसार 'जो विनिर्माता मोटर वाहनों एवं उनके कलपुर्जों, उपकरणों, एसेम्बलीज और सब-एसेम्बलीज में माइक्रोडॉट आइडेन्टिफायर लगा रहे हैं, उन्हें ऑटोमोटिव उद्योग मानकों (एआईएस)-155 का पालन करना होगा और जिनमें समय-समय पर संशोधन हो सकेंगे।'

केन्द्रीय मोटर वाहन (14वां संशोधन) नियम, 2019 सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी हो गया है।

केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन के लिए मसौदा नियमों को सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया गया था, जिसके लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना, दिनांक 24 जुलाई 2019, को देखें। इसमें उन सभी लोगों से आपत्तियां एवं सुझाव देने को कहा गया था, जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है। केन्द्र सरकार ने संशोधनों को अधिसूचित करने से पहले इन मसौदा नियमों के संबंध में प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया।

10 से 20 फीसदी रेल किराया बढ़ने का खाका तैयार, इसी हफ्ते घोषणा

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रेलवे इस सप्ताह यात्री किरायों को बढ़ाने की घोषणा कर सकती है। ये वृद्धि वातानुकूलित श्रेणी से लेकर अनारक्षित एवं उपनगरीय मासिक-त्रैमासिक सीजन टिकटों के किरायों तक सभी श्रेणियों पर लागू होगी। रेलवे सूत्रों के अनुसार संसदीय समितियों की सिफारिशों एवं परिचालन अनुपात पर बढ़ते दबाव को देखते हुए रेलवे को आखिरकार अपने आखिरी विकल्प का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। रेलवे बोर्ड ने नई दरों का खाका तैयार कर लिया है और प्रधानमंत्री कार्यालय से उसे इसके लिए हरी झंडी भी मिल गई है। रेलवे बोर्ड को झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न होने तक प्रतीक्षा करने को कहा गया था।

सोमवार को मतगणना होने के बाद नये किराया दर की कभी भी घोषणा हो सकती है। कुछ वर्षों के दौरान रेलवे ने सीधे तौर पर यात्री किराया में न किसी तरह की वृद्धि नहीं की है जिससे उसकी आर्थिक सेहत दुरुस्त रह सके। बीते वर्षों के दौरान रिफंड नियमों में बदलाव, फ्लेक्सी फेयर और 5 से 12 वर्ष आयु के बच्चों की बर्थ देने एवज में पूरा किराया लेने के उपाय कर कुछ भरपाई करने की कोशिश की गई लेकिन सूत्रों के अनुसार यह रेलवे की आर्थिक स्थिति में पर्याप्त सुधार लाने में नाकाम रहा। लिहाज़ा अब रेलवे के पास परिचालन अनुपात को संतुलित रखने के लिए यात्री किराया बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया। सूत्रों ने कहा कि रेलवे बोर्ड ने कई पहलुओं पर विचार करने के बाद प्रयास किया है कि किराया वृद्धि का किसी एक यात्री सेगमेंट पर ज्यादा दबाव नहीं पड़े और बढ़ोत्तरी संतुलित एवं एकसमान हो। सूत्रों का कहना है कि रेलवे बोर्ड ने किराया दरों के निर्धारण के लिए बहुत विचार मंथन किया है। इसके लिए उपनगरीय ट्रेन और मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में द्वितीय श्रेणी के अनारक्षित और शयनयान एवं वातानुकूलित श्रेणियों के आरक्षित टिकटों के किराये में समान रूप से इस वृद्धि करने का प्रस्ताव किया गया है।

यह बढ़ोतरी पाँच पैसा प्रति किलोमीटर से लेकर 40 पैसा प्रति किलोमीटर तक के बीच रहने की संभावना है। हाल ही में संसद में पेश रेलवे पर संसदीय स्थायी समिति की एक रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि यात्री किराये को तर्कसंगत बनाया जाए।

सीतारमण ने जल एवं स्वच्छता प्रतिनिधियों के साथ बजट-पूर्व किया सलाह-मशविरा

नईदिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी आम बजट 2020-21 के संबंध में जल एवं स्वच्छता सेक्टरों के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को नई दिल्ली में अपनी 9वीं बजट-पूर्व सलाह-मशविरा बैठक की।

इस बैठक में वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, आर्थिक कार्य विभाग में सचिव अतानु चक्रबर्ती, राजस्व सचिव अजय भूषण पांडेय, डीआईपीएएम में सचिव तुहिन कांता पांडेय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में सचिव परमेश्वरन अय्यर, ग्रामीण विकास मंत्रालय में सचिव अमरजीत सिन्हा, नीति आयोग के सदस्य वी.के.पॉल,

सीबीडीटी के अध्यक्ष प्रमोद चंद्र मोदी, मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ.के.वी.सुब्रमण्यन और वित्त मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी शिरकत की।

इस बैठक के दौरान देश में बेहतर जल मुहैया कराने, स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन और जल निकासी से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चाएं की गईं। विशेषज्ञों ने स्वच्छता एवं बेहतर जल तक पहुंच में विषमता हटाने पर भी जोर दिया। विशेषज्ञों ने यह राय व्यक्त की कि जल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के टिकाऊ समाधान प्रदान करने के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई बढ़ाने की जरूरत है। जल एवं स्वच्छता सेक्टरों के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री को जमीनी सच्चाइयों से भी अवगत कराया और वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए अनेक सुझाव दिये। इस दौरान सेप्टिक टैंकों के रखरखाव; जल प्रबंधन प्रणाली के विकेन्द्रीकरण; जल संरक्षण पर फोकस; जल, स्वच्छता एवं साफ-सफाई (वॉश) कार्यक्रम के प्रभावकारी ढंग से कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट तरीका (बॉटम्स अप अप्रोच) अपनाने; जल आवंटन के लिए मांग संबंधी प्रबंधन; शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक जल प्रबंधन कार्यक्रम; व्यवहार में बदलाव लाने से जुड़े संचार पर फोकस; क्षेत्रवार विशिष्ट प्रथाओं/मॉडल; स्वच्छता कामगारों के संयोजन; पर्यावरण अनुकूल सीवेज प्रबंधन, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों बनाम प्रमुख सेवाओं में सेवा मानकों के मापन; अपशिष्ट जल के शोधन एवं रिसाइक्लिंग को प्रोत्साहन देने; भूजल स्थलों के पुनर्भरण के लिए क्षमता बढ़ाने; स्वास्थ्य, जल एवं स्वच्छता के जरिये महिला सशक्तिकरण पर फोकस इत्यादि से जुड़े मुद्दों के बारे में सुझाव दिये गये।

पांच हत्यारों को सजा-ए-मौत, तीन को 24 साल जेल

» पत्रकार खगोशी हत्याकांड

रियाद। अमेरिकी समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट के पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले में सऊदी अरब की कोर्ट ने आज फैसला सुना दिया। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 8 लोगों को दोषी करार दिया जबकि 5 को सजा-ए-मौत सुनाई गई। तीन अन्य दोषियों को 24 साल जेल की सजा दी गई है।

तुर्की में एक फॉरेंसिक पैथोलॉजिस्ट को खशोगी की हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया गया था, जो कह रहा था, मैं जब भी शव को काटता हूं, तो संगीत सुनता हूं और कभी-कभी उस वक्त मेरे हाथ में कॉफी या सिगार होता है। यह मेरी जिंदगी में पहली बार है जब मुझे टुकड़े जमीन पर काटने हैं- यहां तक कि एक कसाई भी हो तो वह किसी जानवर को टांगकर काटना चाहता है।

फैसले के दौरान सऊदी सरकार के अभियोजन पक्ष की तरफ से बताया गया कि खशोगी की हत्या सऊदी के ही कुछ लोगों ने की थी। इस मामले में 11 लोगों पर मामला चलाया गया था। हालांकि, इनके नाम का खुलासा नहीं किया गया था। खशोगी अमेरिकी समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट के कॉलमिस्ट थे। उन्हें आखिरी बार 2 अक्टूबर को इस्तांबुल के सऊदी अरब के दूतावास के बाहर देखा गया था। वह वहां अपनी शादी के लिए जरूरी कागजात लेने गए थे। हालांकि, आज तक खशोगी की लाश बरामद नहीं की जा सकी है। 59 वर्षीय जमाल खशोगी का जन्म सऊदी के धार्मिक शहर मदीना में हुआ था।

अब भारतीय रेलवे में आधुनिक ट्रेन नियंत्रण प्रणाली सुनिश्चित होगी

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रेलवे ने एलटीई आधारित एमआरटीसी के साथ आधुनिक ट्रेन नियंत्रण प्रणाली को कार्यान्वित कर अपने समूचे नेटवर्क पर अपनी सिग्नलिंग प्रणाली का आधुनिकीकरण करने का निर्णय लिया है। यह भारतीय रेलवे की सर्वाधिक महत्वाकांक्षी आधुनिकीकरण परियोजनाओं में से एक है, जिसके तहत सुरक्षा एवं लाइन क्षमता को बेहतर करने और अपेक्षाकृत अधिक रफ्तार से रेलगाड़ियों को चलाने के लिए सिग्नलिंग प्रणाली का उन्नयन करने की परिकल्पना की गई है। तदनुसार, समूचे भारतीय रेलवे नेटवर्क पर सिग्नलिंग प्रणाली के आधुनिकीकरण के काम को 77,912 करोड़ रुपये की लागत वाले कार्यकलाप कार्यक्रम 2018-19 में शामिल किया गया है, जिसे नीति आयोग एवं रेलवे के विस्तारित बोर्ड (ईबीआर) की मंजूरी के साथ-साथ आर्थिक मामलों पर कैबिनेट समिति (सीसीईए) से स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। पूरे देश में सिग्नलिंग प्रणाली के उपर्युक्त आधुनिकीकरण कार्य को शुरू करने के तहत विस्तृत परीक्षणों के लिए पूरक डब्ल्यूपी 2018-19 में पायलट परियोजनाओं के रूप में कुल मिलाकर 1810 करोड़ रुपये की लागत वाले 640 रूट किलोमीटर (केएम) के 4 कार्यों को मंजूरी दी गई हैं। चार खंड ये हैं-दक्षिण मध्य रेलवे पर रेनिगुन्टा (आरयू) - येरागुंटला (वाईए) खंड, पूर्वी तटीय रेलवे पर विजयनगरम (वीजेडएम)-पालसा (पीएसए) खंड, उत्तरी मध्य रेलवे पर झांसी (जेएचएस) - बीना खंड और मध्य रेलवे पर नागपुर (एनजीपी)-बडनेरा (बीडी) खंड। ये भारी यातायात वाले भारतीय रेलवे के कुछ व्यस्ततम रूटों में शामिल हैं।झ

बॉलीवुड और अन्य भाषाओं की भारतीय फिल्मों ने वैश्विक लोकप्रियता अर्जित की:नायडू

» 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वितरण समारोह

नईदिल्ली (आरएनएस)। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने सोमवार को फिल्म बिरादरी का आह्वान किया कि वह जनता विशेषकर युवाओं पर फिल्मों के बड़े पैमाने पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव को ध्यान में रखते हुए फिल्मों में हिंसा, अशिष्टता और अश्लीलता दिखाने से बचें।

दिल्ली में आज 66 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करने के बाद संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि फिल्म निर्माताओं को इस शक्तिशाली माध्यम के लोगों पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव के प्रति सचेत रहना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने उनसे आग्रह किया कि वे सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में इस शक्तिशाली माध्यम का उपयोग करें और विभिन्न सामाजिक बुराइयों से निपटने के लिए लोगों को शिक्षित करें, सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा दें तथा समाज के नजरिये में बदलाव लाएं।

उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से ध्यान चुनौतियों और सामाजिक विचारधाराओं की कलात्मक प्रस्तुति पर होना चाहिए और विवादों का इस प्रकार से समाधान किया जाना चाहिए, जिससे सामाजिक सौहार्द बना रहे तथा नैतिक सिद्धांतों को मजबूती मिले।

युवा मन पर सिनेमा के पड़ने वाले गहरे प्रभाव की ओर इशारा करते हुए नायडू ने कहा कि सिनेमा सही मूल्यों को बढ़ावा देने में एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा, हमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा की मौजूदा प्रवृत्ति से निपटने के लिए एक कड़ा संदेश देना चाहिए, उन्होंने देश के कुछ हिस्सों में महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म और हिंसा की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। नायडू ने कहा, समाज में हम सभी लोगों, विशेष रूप से फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को महिलाओं का सम्मानजनक चित्रण करना चाहिए।